कृषि महाविद्यालय, जोधपुर में छात्रसंघ चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अधिनस्थ कृषि महाविद्यालय जोधपुर में छात्रसंघ चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के अधिष्ठाता व निर्वाचन अधिकारी प्रो. उम्मेद सिंह ने बताया कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। तदुपरान्त महाविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों का चुनाव भी निर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध सम्पन्न किया। डॉ. सिंह ने सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न होने का सम्पूर्ण श्रेय महाविद्यालय के विद्यार्थियों व कर्मचारियों को देते हुए बताया कि यहां के विद्यार्थी महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण सौहार्दपूर्ण बनाये रखने में हमेशा सहयोग देते हैं एवं शिक्षा में अधिक रूचि रखते है जिससे सर्वसम्मति से निर्विरोध छात्रसंघ चुनाव कृषि विश्वविद्यालय में एक उत्तम परम्परा का परिचायक हो गया हैं। चुने गये छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों की सूची इस प्रकार हैं:—

क्र. सं.	**छात्रसंघ पदाधिकारी का नाम**	**पद**
1	राधे श्याम खेरवा	अध्यक्ष
2	दशरथ सिंह चुण्डावत	सचिव
3.	पुजा विश्नोई	संयुक्त सचिव

क्र. सं.	**कक्षा प्रतिनिधि**	**कक्षा**
1	सौरभ खादव	कृषि स्नाकत प्रथम वर्ष
2	पुजा विश्नोई	कृषि स्नाकत द्वितीय वर्ष
3	दशरथ सिंह चुण्डावत	कृषि स्नाकत तृतीय वर्ष
4	सरिता जाट	कृषि स्नाकत चतुर्थ वर्ष
5	दिनदयाल तंवर	स्नातकोत्तर पुर्वाद्ध
6	कौशल कुमार बिजारणिया	स्नातकोत्तर
7	राधे श्याम खेरवा	विद्यावाचस्पति

कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के छात्रसंघ चुनाव सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. एस. के. मूण्ड, ने बताया कि सभी निर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों व छात्रसंघ पदाधिकारियों को महाविद्यालय के अधिष्ठाता व निर्वाचन अधिकारी डॉ. उम्मेद सिंह ने पद की शपथ ग्रहण करवायी तथा इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।